# संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़

खण्ड–चार, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर, छत्तीसगढ – 492002

फोन: 0771–2221840, फैक्स: 0771–2221840 Email: miningdgmcg@gmail.com

## विज्ञापन

विज्ञप्ति क्रमांक 70 ESTB/372/2026-DGM SECTION, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17 JAN 2026

छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग रायपुर के पत्र ESTB-103/129/ 2025- MRD नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 17.09.2025 के परिपेक्ष्य में संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के अधीन तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) वाहन चालक (नै.देय) एवं चतुर्थ श्रेणी के भृत्य, सिपाही, प्रयोगशाला परिचारक, चौकीदार, चौकीदार (नै.देय) के सीधी भर्ती हेतु रिक्त पदों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । पात्रता रखने वाले इच्छुक उम्मीद्वार अपना आवेदन पत्र पूर्ण जानकारी एवं प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति के साथ संचालक, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेज सकते है । आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि 06.02.2026 को 5.00 बजे तक होगी । अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा । पदों का विवरण निम्नानुसार हैः–

**(क) वाहन चालक (नै. देय)**

| श्रेणी | मुक्त | महिलाओं के लिए आरक्षित पदों की संख्या | निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| अनारक्षित | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| अनुसूचित जन जाति | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| अनुसूचित जाति | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| **कुल पदों की संख्या** | **8** | 0 | 0 | 0 | **8** |

(ख) **भृत्य**

| श्रेणी | मुक्त | महिलाओं के लिए आरक्षित पदों की संख्या | निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों की संख्या | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| अनारक्षित | 6 | 2 | 0 | 1 | 9 |
| अनुसूचित जन जाति | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| अनुसूचित जाति | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| **कुल पदों की संख्या** | **11** | **2** | **1** | **1** | **15** |

**2. पदों की शैक्षणिक अर्हता :–**

**(क)** वाहन चालक (नै. देय)

- **किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण,**
- **सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध/स्थायी वाहन चालन का लाईसेंस।**
- पद का वेतन/वेतन मैट्रिक्स स्तरः–रूपये 19500 (लेबल–4) तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर घोषित अन्य भत्ते देय होंगे ।

(ख) **भृत्य**

- **किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।**
- पद का वेतन/वेतन मैट्रिक्स स्तरः– रूपये 15600 (लेबल–1) तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर घोषित अन्य भत्ते देय होंगे ।

**(ग) सिपाही**

- 1. हाई स्कूल (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण
  2. पुरूष अभ्यर्थी के लिए ऊँचाई 165 सेंन्टी मीटर से कम नहीं/महिला अभ्यर्थी के लिए ऊंचाई 152 सेंटी मीटर से कम नहीं ।
  3. पुरूष अभ्यर्थियों हेतु सीने का (सामान्य स्थिति में) न्यूनतम माप 81 सेंन्टी मीटर एवं (फुलाने पर) न्यूनतम 85 सेंन्टी मीटर
- पद का वेतन/वेतन मैट्रिक्स स्तरः– रूपये 15600 (लेबल–1) तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर घोषित अन्य भत्ते देय होंगे ।

**(घ) प्रयोगशाला परिचारक**

- हाई स्कूल (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण
- पद का वेतन/वेतन मैट्रिक्स स्तरः– 15600 (लेबल–1) तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर घोषित अन्य भत्ते देय होंगे ।

**(ङ) चौकीदार**

- **किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।**
- पद का वेतन/वेतन मैट्रिक्स स्तरः– 15600 (लेबल–1) तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर घोषित अन्य भत्ते देय होंगे ।

**(च) चौकीदार (नै. देय)**

- **किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।**
- पद का वेतन/वेतन मैट्रिक्स स्तरः– 15600 (लेबल–1) तथा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर घोषित अन्य भत्ते देय होंगे ।

